# स्टार्टअप : यूपी शीर्ष पांच राज्यों में

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

देश में पिछले पांच साल में 44 हजार से ज्यादा स्टार्टअप कंपनियां पंजीकृत कराई जा चुकी हैं। वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से लोकसभा में दी गई जानकारी के मुताबिक स्टार्टअप शुरू करने के मामले में शीर्ष पांच राज्यों में उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल हैं।

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने सरकार से देश में स्टार्टअप कंपनियों का राज्यवार ब्योरा मांगा था जिसके जवाब में वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने यह जानकारी दी है। सरकार के मुताबिक 16 जनवरी 2016 से शुरू हुई इस योजना में 24 फरवरी 2021 तक मंत्रालय के अधीन उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग ने 44,534 स्टार्टअप को मान्यता दी है। सबसे ज्यादा स्टार्टअप कंपनियों वाला राज्य महाराष्ट्र है। हरियाणा में भी 2475 कंपनियां पंजीकृत हुई हैं। 2016 में 504, 2017 में 5411, 2018 में 8944, 2019 में 11668, 2020 में 14770 और 2021 के शुरुआती महीनों में 3237 स्टार्टअप कंपनियां खोली जा चुकी हैं।

## स्टार्टअप में शीर्ष पांच राज्य

| राज्य | कंपनियां |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 8327 |
| कर्नाटक | 5979 |
| दिल्ली | 5557 |
| उत्तर प्रदेश | 3857 |
| गुजरात | 2586 |

## बिहार-झारखंड सुस्त

स्टार्टअप शुरू करने में बिहार, झारखंड और उत्तराखंड की रफ्तार सुस्त है। बिहार में अब तक 693 और झारखंड में कुल 404 स्टार्टअप कंपनियां ही रजिस्टर हो पाई हैं। स्टार्टअप को केंद्र से टैक्स छूट प्रदान की जाती है।